**SWAMI VIVEKANAND NATIONAL INSTITUTE OF REHABILITATION TRAINING AND RESEARCH**
DEPARTMENT OF EMPOWERMENT OF PERSONS WITH DISABILITIES (DIVYANGJAN)
(MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
OLATPUR, PO: BAIROI, DIST-CUTTACK, ODISHA

Ref. No.: AD6B19/06/2026 Date: 01.07.2026

# RECRUITMENT NOTICE BY CONTRACT

Swami Vivekanand National Institute of Rehabilitation Training and Research (SVNIRTAR) is an Autonomous Institution under the Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan), Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India. It is one of the premier Institute of its kind in the Country and the main objectives of the Institute are Human Resource Development to undertake, sponsor or co-ordinate training of personnel such as Doctors, Engineers, Physiotherapists, Occupational Therapists, Multipurpose Rehabilitation Therapists and such other personnel for the Rehabilitation of Persons with Disabilities. Institute conducts Short Term/ Long Term Courses in the field which are affiliated to Utkal University and Odisha University of Health Sciences, Bhubaneswar. The Institute has been set up to serve the differently able persons to undertake any action in the area of rehabilitation of the Persons with Disabilities and is facilitated with 200 bedded hospital to treat the needy, poor and differently abled (Divyangjan) section of the society.

SVNIRTAR is looking for dedicated persons with drive, willingness, missionary zeal and commitment for the **following posts to be filled up on contract basis for CRCSRE- Guwahati, Imphal and Shillong (Under the Administrative Control of SVNIRTAR, Cuttack).**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Associate Professor (Speech Language Pathology & Audiology) (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Guwahati)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Monthly Remuneration | Rs.80,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **Educational Qualification:**<br>1. M. Sc. (Sp. & Hg.) / MASLP/ equivalent.<br>2. 8 years of teaching experience at graduate or post graduate level.<br>3. Minimum of 5 publications with cumulative impact factor of 5.<br>4. Valid RCI Registration.<br>**Desirable:** 1. Ph.D. in the core areas. 2. Experience of running any undergraduate training programmes. |
| 2. | **Associate Professor (Clinical Psychology) (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.80,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. M.Phil. in Clinical or Rehabilitation Psychology (Full time course) (Recognized by RCI).<br>ii. Minimum 8 years experience in teaching/ research in related filed.<br>iii. Valid RCI Registration.<br>**(B) Desirable qualification –**<br>i. Ph.D. in the core areas.<br>ii. Experience of running any undergraduate training programmes. |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | **Assistant Professor (Special Education) (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE-Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.75,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **A) Essential qualifications –**<br>i. Master Degree with M.Ed. (Special Education) (Full time course) in any category recognized by RCI.<br>ii. Registration with RCI.<br>iii. Minimum 5 years experience in teaching/research in related field.<br>**(B) Desirable qualification -** Ph. D. in the field of rehabilitation of persons with Disabilities. |
| 4. | **Lecturer (Occupational Therapy) (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE-Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.60,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. Master's in Occupational Therapy from a recognized Institute (Full time)<br>ii. Minimum 3 years of experience in teaching/ research in field of rehabilitation.<br>**(B) Desirable qualification –** Possessing any RCI recognized qualifications. |
| 5. | **Rehabilitation Officer (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.50,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. Post Graduate Degree in Social Work /Sociology/ MDRA/Psychology or equivalent from a recognized University.<br>ii. Minimum 2 years relevant experience. |
| 6. | **Prosthetist & Orthotist (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.50,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. Degree in Prosthetics & Orthotics from a recognized Institute.<br>ii. Registered with RCI.<br>iii. Minimum 2 years relevant experience. |
| 7. | **Special Educators / Orientation & Mobility Instructor (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Shillong)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.50,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential Qualifications:-**<br>i. Graduation and Diploma in Orientation and Mobility Instruction or Graduation with Diploma / B.Ed. / PG Diploma in Special Education or equivalent.<br>ii. Minimum 2 years of relevant experience.<br>iii. Registration with RCI<br>**(B) Desirable Qualification:-** M.Ed. in Special Education. |
| 8. | **Speech Pathologist / Audiologist Gr- II (Speech & Hearing) (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Guwahati)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.40,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. BASLP / B.Sc. (Speech & Hearing)<br>ii. Valid RCI Registration certificate |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | **Assistant (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE- Guwahati)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.45,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential qualifications –**<br>i. Graduate from a recognized University with knowledge of computer.<br>ii. Minimum 2 years of experience in administrative works in Government department / reputed organization. |
| 10. | **Accountant (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE - Imphal)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.45,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential Qualifications:-**<br>i. Commerce graduate from a recognized University with hands on knowledge of computer and Tally.<br>ii. Minimum 3 years' experience in handling accounts/ cash in Government or Semi Government Establishment/ Autonomous Bodies/Public Sector Undertaking/Semi Government/Quasi Government.<br>**(B) Desirable Qualification :-** M.Com / MBA (Fin.) |
| 11. | **Workshop Supervisor -cum- Store Keeper (Consultant)** | No of posts: - **01 (CRCSRE- Guwahati)**<br>Maximum Age limit – 56 years |
| | Remuneration | Rs.35,000/- per month |
| | Essential Qualification and Experience | **(A) Essential Qualifications:-**<br>i. 10 + 2 or equivalent qualification.<br>ii. Diploma / Certificate in Prosthetics & Orthotics.<br>iii. Minimum 2 years of experience in the concerned area. |

**i. Selection Procedure for the Recruitment of above Consultant posts :-**

a. The selection of candidates will be done through Personal Interviews by an appropriate Committee constituted by the Institute.

b. In case more than 20 applications are received for a post, the Screening will be through written examination followed by Personal Interviews of short-listed candidates, the examination will be conducted by the Institute.

c. The ratio of vacancies and number of short-listed candidates for interview round will be not less than 1: 5 per vacancy.

d. The Skill test for technical posts will be conducted wherever such skill/ qualification forms an essential part of the job. The skill test will be before Personal Interviews with short listing criteria as mentioned at point 'c' above.

**ii. Other Terms and Conditions:**

1. Candidates must have to pay **(Non-refundable)** Application Fees @ Rs.500/- by General/ OBC Category and @ Rs.250/- by SC/ ST Categories in shape of online payment through the payment gateway available in the portal. Transaction/Processing fees, if any as applicable, will be payable to the Bank by the candidates. PwD candidates are exempted from payment of application fees.

2. Candidates who are in Government Service / Quasi Govt. / Autonomous bodies / PSU should submit No Objection Certificate from the present employer.

3. Selected candidates will be initially posted at respective CRCSREs. However, he/she is liable to be transferred to anywhere in India under the Department of Empowerment Persons with Disabilities, Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India.

4. The date for determining age limit will be the last date of submission of application form through online mode.

5. No age relaxation shall be given to the candidates belongs to any reserve category, except PwD, Ex-Serviceman candidates.

6. The number of vacancies is tentative in nature and may increase/decrease on administrative grounds during selection process.

7. Qualifications the candidates acquire should be strictly in accordance with the qualifications prescribed for the post. Any candidate seeking a claim of equivalence of the qualifications with the notified one will have to submit documentary evidence at the time of applying for the post. Further, where essential experience is required for the post **only post-qualification experience shall be entertained**.

8. The experience certificate needs to be in the relevant field and in proper format i.e. date of joining, relieving, designation, type of employment, nature of duty, reference no, issuing date, in the letter head of the concerned organization, etc.

9. Canvassing and /or bringing influence in any form will disqualify the candidature.

10. Mere fulfilling the minimum prescribed qualification and experience will not vest a right in a candidate for being called for Interview / Written Test. The Institute reserves the right to call for Interview / Written Test only those candidates who in its opinion are found to be suitable for the post.

11. SVNIRTAR shall verify the antecedents or documents submitted by a candidate at the time of appointment or during the tenure of service. In case, it is detected that the documents submitted by the candidate are fake or the candidate has a clandestine antecedents/ background and has suppressed the said information, his/her services shall be terminated.

12. At the time of written examination/ skill test/ interview, if a candidate is found guilty of using unfair means or impersonating or misbehaving in the examination hall / interview hall or taking away the question booklet, answer sheet, from the examination hall; or resorting to any other unfair means in connection with his/her candidature for the selection; or obtaining support of his/her candidature by any means, such candidate will be liable to criminal prosecution, and disqualified from the examination or selection held by the Institute.

13. Decision of the Institute in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, the documents to be produced for the purpose of the conduct of interview, selection and any other matter relating to recruitment will be final and binding on the candidate.

14. The decision of the Institute in all matters will be final. No correspondence or personal enquiries shall be entertained by the Institute.

15. Employment will be governed by the rules and regulations, terms and conditions of the employment of the Institute presently in force or as may be framed, amended, altered or extended from time to time by the Ministry.

16. A fixed monthly amount shall be admissible, and the remuneration may be regulated as per the terms and conditions of the contract. No other allowances will be admissible.

17. Paid leave of absence shall be allowed @ 1.5 days for each completed month of service.

18. The term of the appointment shall ordinarily be for an initial period not exceeding 3 years. It may be extendable up to maximum 5 years. Beyond 3 years it may be extended with the approval of the General Council of this Institute, provided in no case shall it be extended beyond 5 years.
19. The contract of appointment would be on full time basis and they would not be permitted to take up any other commercial assignment during the period of consultancy.
20. Ex-serviceman has to produce a copy of the Discharge Certificate / Pension payment order and documentary proof of rank last / presently held (substantive as well as acting) at the time of documents verification and submit the self-certified copy in application form. Those who are still in defence service should submit a certificate from a competent authority that they will be relieved from defence services.
21. Application form must also be accompanied by valid Registration Certificates, if any.
22. The tenure of appointment on contract of retired employees should be maximum up to age of 65 years.
23. The candidates those are willing to apply for multiple posts, they should apply separately for each position along with requisite documents and separate application fee (as applicable).

Interested candidates may apply online only through the link available on the website i.e. **https://svnirtar.nic.in.** or can directly visiting the website i.e. **https://recruitment.svnirtar.in.** The link of submission of online application in respect of above said posts along with other relevant information will be activated **on 10.07.2026.** Incomplete applications/without requisite documents/ without application fee will be summarily rejected. Further, the Institute reserves the right to stall cancel the recruitment partially / fully at any stage during the recruitment process at its discretion, which will be final and binding on the candidate. Last date of submission of application through online is **24.08.2026.**

The hard copy of online generated application along with self-attested copies of relevant documents should reach to **"THE DIRECTOR, SWAMI VIVEKANAND NATIONAL INSTITUTE OF REHABILITATION TRAINING AND RESEARCH, Olatpur, Post: Bairoi, Dist.: Cuttack, Odisha, PIN: 754010 on or before 07.09.2026** through Speed post/ Regd. Post only**.** The envelope containing the application should be super-scribed with "Application for the post of………………………………………………"

Any corrigendum or revision of the advertisement or any other information regarding this recruitment will be posted on the official website of SVNIRTAR, Cuttack only in due course of time. Candidates are advised to visit our website regularly for updated information in this regard.

**Sd/-**
**Director**

Copy to:
1. Notice Board (Administrative Block).
2. Office websites https://svnirtar.nic.in.

**स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान**
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ओलटपुर, पोस्ट: बाइरोई, जिला-कटक, ओडिशा

संदर्भ संख्या: AD6B19/06/2026 दिनांक: 01.07.2026

**अनुबंध द्वारा भर्ती सूचना**

स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एसवीनिरतार) भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है । यह देश में अपनी तरह का एक प्रमुख संस्थान है और संस्थान का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, फिजियोथेरेपिस्ट, व्यावसायिक चिकित्सक, बहुउद्देशीय पुनर्वास चिकित्सक और ऐसे अन्य कर्मियों के प्रशिक्षण का कार्यभार संभालने, प्रायोजित करने या समन्वय करने के लिए मानव संसाधन विकास करना है। संस्थान इस क्षेत्र में लघु/दीर्घकालिक पाठ्यक्रम संचालित करता है जो उत्कल विश्वविद्यालय और ओडिशा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से संबद्ध हैं । संस्थान की स्थापना दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में कोई भी कार्रवाई करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा के लिए की गई है और समाज के जरूरतमंद, गरीब और अलग-अलग दिव्यांग (दिव्यांगजन) वर्ग के इलाज के लिए 200 बिस्तरों वाले अस्पताल की सुविधा प्रदान की गई है ।

**सीआरसीएसआरई गुवाहाटी, इंफाल और शिलांग** (एसवीनिरतार, कटक के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत) के लिए अनुबंध के आधार पर भरे जाने वाले निम्नलिखित पदों के लिए एसवीनिरतार प्रेरणा, इच्छा, मिशनरी उत्साह और प्रतिबद्धता वाले समर्पित व्यक्तियों की तलाश कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **सह-प्रोफेसर (स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी और ऑडियोलॉजी) (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - गुवाहाटी)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | मासिक पारिश्रमिक | 80,000 रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **शैक्षणिक योग्यता:**<br>1. एम.एस.सी. (वाणी एवं श्रवण) / एमएएसएलपी/ समकक्ष।<br>2. स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर 8 वर्ष का शिक्षण अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3. कम से कम 5 प्रकाशन, जिनका कुल इम्पैक्ट फैक्टर 5 हो।<br>4. मान्यताप्राप्त आर.सी.आई. पंजीकरण।<br>**वांछित:** 1. मुख्य क्षेत्र में पी.एचडी. 2. कोई भी पूर्वस्नातक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का अनुभव । |
| 2. | **सह-प्रोफेसर (नैदानिक मनोविज्ञान) (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - शिलांग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 80,000 रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. नैदानिक या पुनर्वास मनोविज्ञान में एम.फील. (पूर्णकालिक पाठ्यक्रम) (आर.सी.आई. द्वारा मान्यताप्राप्त)।<br>ii. संबंधित क्षेत्र में शिक्षण/अनुसंधान में कम से कम 8 साल का अनुभव ।<br>iii. मान्यताप्राप्त आर.सी.आई. पंजीकरण।<br>**(B) वांछनीय योग्यता -**<br>1. मुख्य क्षेत्र में पी.एचडी. 2. कोई भी पूर्वस्नातक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का अनुभव । |
| 3. | **सहायक प्रोफेसर (विशेष शिक्षा) (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई-शिलंग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 75,000 रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i . आर.सी.आई. द्वारा मान्यताप्राप्त किसी भी वर्ग में एम.ईडी. (विशेष शिक्षा) (पूर्णकालिक पाठ्यक्रम) के साथ मास्टर डिग्री।<br>ii. आर.सी.आई. के साथ पंजीकरण।<br>संबंधित क्षेत्र में शिक्षण/अनुसंधान में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव ।<br>**(B) वांछनीय योग्यता -** दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में पीएच.डी. |
| 4. | **लेक्चरर (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई-शिलंग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 60,000 रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से ऑक्यूपेशनल थेरेपी में मास्टर डिग्री (पूर्णकालिक) |

| | | |
|---|---|---|
| | | ii. पुनर्वास के क्षेत्र में शिक्षण/अनुसंधान में कम से कम 3 साल का अनुभव।<br>**(B) वांछनीय योग्यता -** आर.सी.आई. से मान्यता प्राप्त कोई भी योग्यता होना। |
| 5. | **पुनर्वास अधिकारी (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - शिलंग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 50,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य/ समाज विज्ञान/ एम.डी.आर.ए./मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या इसके समकक्ष।<br>ii. कम से कम 2 साल का संबंधित अनुभव। |
| 6. | **प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - शिलंग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 50,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में डिग्री।<br>ii. आर.सी.आई. के साथ पंजीकरण ।<br>iii. कम से कम 2 साल का संबंधित अनुभव। |
| 7. | **विशेष शिक्षक/ओरिएंटेशन और मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - शिलंग)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 50,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यता :-**<br>i. ओरिएंटेशन और मोबिलिटी इंस्ट्रक्शन में स्नातक और डिप्लोमा या विशेष शिक्षा में डिप्लोमा / बी.ईडी. / पी.जी डिप्लोमा के साथ स्नातक या इसके समकक्ष ।<br>ii. कम से कम 2 साल का संबंधित अनुभव।<br>iii. आरसीआई के साथ पंजीकरण<br>**(B) वांछनीय योग्यता :-** विशेष शिक्षा में एम.ईडी. |
| 8. | **स्पीच पैथोलॉजिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट ग्रेड- II (वाणी एवं श्रवण) (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - गुवाहाटी)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| | पारिश्रमिक | 40,000 रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. बी.ए.एस.एल.पी./बी.एस.सी (**वाणी एवं श्रवण**)<br>ii. मान्यताप्राप्त आर.सी.आई. पंजीकरण प्रमाणपत्र |
| 9. | **सहायक (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई- गुवाहाटी)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 45,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं -**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर की जानकारी के साथ स्नातक ।<br>ii. सरकारी विभाग / जाने-माने संस्थान में प्रशासनिक कार्यों में कम से कम 2 साल का अनुभव। |
| 10. | **लेखाकार (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई - इंफाल)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 45,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं:-**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक तथा कंप्यूटर और टैली की प्रायोगिक जानकारी।<br>ii. सरकारी या अर्ध-सरकारी स्थापना/स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ अर्ध-सरकारी / क्वासी-गवर्नमेंट में लेखा/नकद संभालने के कार्यों में कम से कम 3 साल का अनुभव।<br>**(B) वांछनीय योग्यता: -** एम.कम / एम.बी.ए. (वित्त) |
| 11. | **कर्मशाला पर्यवेक्षक -सह- स्टोर कीपर (सलाहकार)** | पदों की संख्या: - **01 (सीआरसीएसआरई- गुवाहाटी)**<br>अधिकतम आयु सीमा - 56 वर्ष |
| | पारिश्रमिक | 35,000/- रुपये प्रति माह |
| | आवश्यक योग्यता और अनुभव | **(A) आवश्यक योग्यताएं:-**<br>i. 10 + 2 अथवा समकक्ष योग्यता।<br>ii. प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में डिप्लोमा / प्रमाणपत्र।<br>iii. संबंधित क्षेत्र में कम से कम 2 साल का अनुभव। |

**i. उपरोक्त परामर्शदाता पदों की भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया :-**

a. अभ्यर्थियों का चयन संस्थान द्वारा गठित उपयुक्त समिति द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

b. यदि किसी पद के लिए 20 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो स्क्रीनिंग लिखित परीक्षा के माध्यम से की जाएगी, जिसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा, परीक्षा संस्थान द्वारा आयोजित की जाएगी।

c. रिक्तियों का अनुपात और साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध उम्मीदवारों की संख्या प्रति रिक्ति 1:5 से कम नहीं होगी।

d. तकनीकी पदों के लिए कौशल परीक्षण आयोजित किया जाएगा, जहाँ ऐसा कौशल/योग्यता नौकरी का अनिवार्य हिस्सा है। कौशल परीक्षण व्यक्तिगत साक्षात्कार से पहले होगा, जिसमें ऊपर बिंदु 'सी' में उल्लिखित शॉर्ट लिस्टिंग मानदंड होंगे।

**ii. अन्य नियम और शर्तें:**

1. अभ्यर्थियों को पोर्टल पर मौजूद पेमेंट गेटवे से ऑनलाईन भुगतान के तौर पर सामान्य/ओबीसी/ ईड्ब्लूएस वर्ग के लिए रु.500/- और अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के लिए रु.250/- (अप्रतिदेय) आवेदन शुल्क देनी होगी। ट्रांज़ैक्शन/प्रोसेसिंग शुल्क, अगर कोई लागू हो, तो अभ्यर्थी को बैंक को देनी होगी। दिव्यांगजन अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क देने से छूट है।
2. जो अभ्यर्थी सरकारी सेवा/अर्धसरकारी/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें उचित माध्यम से या वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करके आवेदन करना चाहिए।
3. चयनित उम्मीदवारों को शुरू में संबंधित सीआरसीएसआरई में नियुक्त किया जाएगा। हालाँकि, उन्हें भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।
4. आयु सीमा निर्धारण की तिथि ऑनलाइन मोड से आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि होगी।
5. दिव्यांगजन , भूतपूर्व सैनिक तथा विभागीय अभ्यर्थियों को छोड़कर किसी भी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।
6. रिक्तियों की संख्या अस्थायी प्रकृति की है तथा चयन प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक आधार पर इसमें वृद्धि/कमी हो सकती है।
7. उम्मीदवारों द्वारा अर्जित योग्यताएं पद के लिए निर्धारित योग्यताओं के अनुरूप ही होनी चाहिए। कोई भी उम्मीदवार जो अधिसूचित योग्यता के साथ योग्यता की समानता का दावा करना चाहता है, उसे पद के लिए आवेदन करते समय दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, जहां पद के लिए आवश्यक अनुभव की आवश्यकता है, केवल योग्यता-पश्चात अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।
8. अनुभव प्रमाणपत्र संबंधित क्षेत्र में और सही प्रारूप में होना चाहिए, जैसे कि नियुक्ति की तारीख, कार्यमुक्त होने की तिथि, पदनाम, रोजगार के प्रकार, कार्य की प्रकृति, संदर्भ संख्या, जारी करने की तारीख आदि संबंधित संगठन के पत्र शीर्ष में होनी चाहिए ।
9. किसी भी रूप में प्रचार करना और/या प्रभाव डालना उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगा।

10. केवल न्यूनतम निर्धारित योग्यता और अनुभव पूरा करने से किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिलेगा। संस्थान केवल उन्हीं उम्मीदवारों को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो उसके अनुसार पद के लिए उपयुक्त पाए जाते हैं।
11. एसवीनिरतार नियुक्ति के समय या सेवा अवधि के दौरान उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्ववृत्त या दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज फर्जी हैं या उम्मीदवार का कोई गुप्त पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि है और उसने उक्त जानकारी छिपाई है, तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।
12. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के समय, यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करने या परीक्षा हॉल/साक्षात्कार हॉल में किसी अन्य का प्रतिरूपण करने या दुर्व्यवहार करने या परीक्षा हॉल से प्रश्न पुस्तिका, उत्तर पत्रक ले जाने या चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अन्य अनुचित साधन का सहारा लेने या किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के समर्थन प्राप्त करने का दोषी पाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी पर आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा और उसे संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षा या चयन से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
13. उम्मीदवार की पात्रता, पात्रता की जांच के चरण, साक्षात्कार के आयोजन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज, चयन और भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य मामले से संबंधित सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।
14. सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। संस्थान द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।
15. नियुक्ति, संस्थान के वर्तमान लागू नियमों और शर्तों के हिसाब से होगी अथवा जिन्हें मंत्रालय द्वारा समय-समय पर बनाया, संशोधन, बदला अथवा विस्तार किया जा सकता है।
16. एक निश्चित मासिक राशि स्वीकार्य होगी, तथा पारिश्रमिक अनुबंध की शर्तों के अनुसार विनियमित किया जा सकता है। कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।
17. सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन की दर से सवेतन अवकाश की अनुमति दी जाएगी।
18. नियुक्ति की अवधि आम तौर पर शुरुआती समय के लिए 3 साल से ज़्यादा नहीं होगा। इसे ज़्यादा से ज़्यादा 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। 3 साल से ज़्यादा समय के लिए इसे इस संस्थान की सामान्य परिषद की अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है, लेकिन किसी भी स्थिति में इसे 5 साल से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
19. नियुक्ति का अनुबंध पूर्णकालिक आधार पर होगा तथा परामर्श अवधि के दौरान उन्हें कोई अन्य वाणिज्यिक कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं होगी।
20. भूतपूर्व सैनिक को दस्तावेजों के सत्यापन के समय डिस्चार्ज सर्टिफिकेट/पेंशन भुगतान आदेश की एक प्रति तथा अंतिम/वर्तमान पद (मूल तथा कार्यकारी) का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा तथा आवेदन पत्र में स्व-प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जो लोग अभी भी रक्षा सेवा में हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए कि उन्हें रक्षा सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।

21. आवेदन पत्र के साथ वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (यदि कोई हो) भी संलग्न करना होगा।
22. सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संविदा पर नियुक्ति का कार्यकाल अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक होना चाहिए।
23. जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक पद के लिए अपेक्षित दस्तावेजों एवं अलग आवेदन शुल्क (जैसा लागू हो) के साथ अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

इच्छुक उम्मीदवार **केवल आधिकारिक वेबसाइट https://svnirtar.nic.in** पर दिए गए लिंक से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अथवा **https://recruitment.svnirtar.in** सीधे वेबसाइट पर जा कर भी आवेदन कर सकते हैं **।** ऊपर बताई गई पद के लिए ऑनलाइन आवेदन और दूसरी ज़रूरी जानकारी प्रस्तुत करने का लिंक **10.07.2026 को सक्रिय हो जाएगा ।** अपूर्ण आवेदन पत्र/आवश्यक दस्तावेजों के बिना/ आवेदन शुल्क के बिना आवेदन सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे। इसके अलावा संस्थान अपने विवेकाधिकार से भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर भर्ती को आंशिक रूप से/संपूर्ण रद्द करने का अधिकार रखता है, जो अभ्यर्थी के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा । ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **24.08.2026** है **।**

ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदन की हार्ड कॉपी, संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ **"निदेशक, स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, ओलटपुर, पोस्ट: बाईरोइ , जिला: कटक, ओडिशा, पिन: 754010 पर 07.09.2026 को या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए ।** आवेदन वाले लिफाफे पर "........................................................ पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

इस भर्ती के बारे में कोई भी सुधार या विज्ञापन में बदलाव या कोई दूसरी जानकारी सही समय पर एसवीनिरतार, कटक की सरकारी वेबसाइट पर ही पोस्ट की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस बारे में अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखें।

ह/-

**निदेशक**

प्रतिलिपि:

1. नोटिस बोर्ड (प्रशासनिक ब्लॉक)।
2. कार्यालय की वेबसाइट https://svnirtar.nic.in